दिन– गुरूवार दिनांक– 08 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. वक्फ–संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस आज लोकसभा में पेश। भारी हंगामे के बीच विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया।

02. पेरिस ओलंपिक में भारत ने स्पेन को दो–एक से हराकर रजत पदक जीत लिया है। भाला फेंक प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा स्वर्ण पदक के लिए मैदान में उतरेंगे।

03. केन्द्र सरकार ने कहा– प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत एक करोड़ इक्कीस लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला।

04. और, मॉनसून की सक्रिया से प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश भागों में मेघगर्जन और वज्रपात का अनुमान जताया।

———————————————————————

वक्फ–संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस लोकसभा में आज पेश किया गया। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे पेश करते हुये कहा कि विधेयक का उद्देश्य राज्य वक्फ बोर्डों की शक्तियों और कामकाज के साथ–साथ वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण और सर्वेक्षण से संबंधित मुद्दों का समाधान करना है। इस विधेयक को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। भारी हंगामे के बीच वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 को संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए कहा कि सरकार प्रस्तावित कानून की आगे की जांच के लिए तैयार है। श्री रिजिजू ने कहा कि केंद्र सरकार के पास इस विधेयक के बारे में छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है।

———बाईट———

श्री रिजीजू ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य धार्मिक निकाय के कामकाज में हस्तक्षेप करना नहीं है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य मुस्लिम समुदाय के वंचित और गरीब वर्गों को न्याय प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह विषय संविधान की समवर्ती सूची में आता है और केंद्र इस पर कानून बनाने के लिए पूरी तरह सक्षम है। श्री रिजिजू ने कहा कि यह कानून सच्चर समिति और पिछली सरकारों की विभिन्न समितियों की सिफारिशों के अनुसार लाया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्डों के कामकाज में कई खामियां हैं और कुछ लोगों ने इन बोर्डों पर कब्जा कर लिया है।

———बाईट———

———————————————————————————

पेरिस ओलंपिक में भारत ने स्पेन को हराकर रजत पदक जीत लिया है। भारत ने स्पेन को दो–एक से पराजित किया। ओलंपिक में अब तक भारत ने चार कांस्य पदक जीता है। इधर, पेरिस ओलंपिक में आज विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाडी नीरज चोपड़ा अपने खिताब की रक्षा करने उतरेंगे। भारतीय समयानुसार रात ग्यारह बजकर पचपन मिनट पर यह मुकाबला होगा।

———बाईट———

———————————————————————————

विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक में कुश्ती के फाइनल मुकाबले में वज़न बढ़ने के कारण कल अयोग्य घोषित किये जाने के बाद खेल से सन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने एक सोशल मी़डिया पोस्ट में यह जानकारी दी। विनेश फोगाट को स्वर्ण पदक के पचास किलोग्राम वर्ग में फाइनल मुकाबले से पहले सौ ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इस बीच, हरियाणा के मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि राज्य सरकार विनेश फोगाट को ओलंपिक सिल्वर मेंडल जीतने वाले खिलाड़ी की तरह ही सम्मान और ईनाम देगी। विनेश का स्वागत और अभिनंदन पदक विजेता की तरह ही किया जायेगा।

———————————————————————————

केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार रोजगार सृजन के लिए पन्द्रह योजनाएं चला रही है। इसके कारण बेरोजगारी दर छह प्रतिशत से घटकर अब तीन दशमलव दो प्रतिशत रह गई है। राज्यसभा में श्री मांडविया एक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सोलह में योजना शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत एक करोड़ इक्कीस लाख लोगों को रोजगार मिला है। श्री मांडविया ने कहा कि मुद्रा योजना के तहत अठारह करोड़ उनतीस लाख रुपये के ऋण स्वीकृत किये गये और उनचास करोड़ लोगों को मदद मिली है।

———बाईट———

———————————————————————————

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि उद्यम पोर्टल, पीएम विश्वकर्मा योजना और लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यम– एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पहलों के माध्यम से बीस करोड़ रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री मांझी ने कहा कि मंत्रालय के उदयम पोर्टल पर अकेले चार करोड़ आठ लाख लोग पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने बताया

कि मंत्रालय क्रेडिट गारंटी योजना, आत्मनिर्भर योजना और अन्य पहलों के तहत देश में रोजगार के अवसर बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। मंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन के लिए महिलाओं और युवाओं पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

———————————————————————

नागरिकों के भीतर देशभक्ति की भावना बढ़ाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान कल से पन्द्रह अगस्त तक पूरे देश में मनाया जाएगा। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोगों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने और तिरंगे के साथ एक सेल्फी लेने और इसे हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करने का आग्रह किया।

———बाईट———

———————————————————————

वित्त वर्ष दो हजार चौबीस—पच्चीस के लिए अपनी तीसरी द्विमासिक समिति की बैठक में, भारतीय रिज़र्व बैंक—आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद—जीडीपी वृद्धि पूर्वानुमान को सात दशमलव दो प्रतिशत पर यथावत रखा। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने छह में से चार सदस्यों के बहुमत से रेपो रेट को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है।

———बाईट———

———————————————————————

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो — सीबीआई ने आज दिल्ली में बीस लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय — इडी के एक सहायक निदेशक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ईडी अधिकारी की पहचान संदीप सिंह यादव के रूप में हुई है। वह ईडी में दर्ज मामले में एक जौहरी के बेटे को राहत देने के एवज में जौहरी से रिश्वत ले रहा था।

———————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण गंगा, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, और परमान नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पटना में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ते जलस्तर के मददेनज़र ज़िला प्रशासन ने गंगा नदी में नावों के परिचालन पर रोक लगा दी है। पटना के गांधी घाट और दीघा घाट समेत विभिन्न स्थानों पर जलस्तर लाल निशान के करीब पहुंच गया है। निचले ईलाकों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। इधर, अररिया में परमान सहित कई बरसाती नदियां उफान पर है। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

मॉनसूनी बारिश के कारण जगह–जगह जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इसके चलते आवागमन और जन – जीवन प्रभावित हुआ है। परमान नदी सहित सभी छोटी – बड़ी और बरसाती नदियां उफान पर हैं। हालात पर नजर रखी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सिंह सहगल।

इधर, सीतामढ़ी से हमारे संवाददाता ने बताया कि बागमती नदी का जलस्तर सोनाखान, डुब्बाघाट ओर कटौझा में खतरे के निशान से उपर है।

–––बाईट–––

सीतामढ़ी जिले में बागमती और अधवारा समूह के नदियों के जलस्तर में कमी आने से बाढ़ की स्थिति में सुधार हो रहा है। हालांकि बागमती नदी का जलस्तर सोनाखान, डुब्बाघाट ओर कटौझा में खतरे के निशान से उपर है। सुरसंड प्रखंड के मरहा और रातों नदी में उफान आने पर निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के विभिन्न इलाकों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान खगड़िया के बेलदौड़ में सबसे अधिक तिहत्तर दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज और पूर्णियां जिलों के एक दो स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के दक्षिण और उत्तर–पूर्वी भागों के एक दो स्थानों पर हल्की बारिश के साथ मेघगर्जन और वज्रपात का पूर्वानुमान जताया गया है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बेगूसराय और मोकामा के बीच गंगा नदी पर बने राजेन्द्र सेतु पर सड़क मरम्मत का कार्य चल रहा है। इसके कारण आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक आवागमन बंद रहेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

अररिया व्यवहार न्यायालय ने बारह वर्ष पूर्व एमडीएम के दो क्विंटल चावल गबन करने का मामले में दोषी प्रणव कुमार और भरगामा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के एक प्रधानाध्यापक को तीन साल की सजा के साथ दस–दस हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। इधर, बक्सर की एक अदालत ने गांजा तस्करी के मामले में एक युवक को दस साल सश्रम कारावास और पचास हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ककोलत के सौंदर्यीकरण में उल्लेखनीय योगदान के लिए नवादा के वन प्रमंडल पदाधिकारी संजीव रंजन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर वन और पर्यावरण मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार भी मौजूद थे।

———————————————————————————

गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र के लामी चौर से पुलिस ने दो मानव खोपड़ी के साथ तांत्रिक को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

खगड़िया जिला परिषद के उपाध्यक्ष पद पर ग्यारह सदस्यों के समर्थन से निकिता कुमारी निर्विरोध उपाध्यक्ष चुन ली गई। निवर्तमान उपाध्यक्ष श्वेत शिखा समेत छह सदस्य मतदान में शामिल नहीं हुए।

———————————————————————————

कैमूर के जिलाधिकारी सावन कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ के माध्यम से लोगों को जागरूक कर देश में लैंगिक अनुपात के अंतर को समाप्त करना, महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित करना, बालिकाओं की शिक्षा और भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक युवक को ब्राउन शुगर और चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. वक्फ–संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस आज लोकसभा में पेश। भारी हंगामे के बीच विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया।
02. पेरिस ओलंपिक में भारत ने स्पेन को दो–एक से हराकर रजत पदक जीत लिया है। भाला फेंक प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा स्वर्ण पदक के लिए मैदान में उतरेंगे।
03. केन्द्र सरकार ने कहा– प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत एक करोड़ इक्कीस लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला।
04. और, मॉनसून की सक्रिया से प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश भागों में मेघगर्जन और वज्रपात का अनुमान जताया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।